Title: Need to construct a railway station at village Ganpur in Maharashtra. − Laid.

**श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी) :** महोदय, सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि काचीगुडा से मनमाड रेलवे खंड में पूर्णा जंक्शन से दस किलोमीटर पर गनपुर गांव के पास एक रेलवे स्टेशन बनाये जाने की अत्यंत आवश्यकता है। इस गनपुर गांव के पास पच्चीस से तीस गांव जुड़े हुए हैं, जो कृि उत्पादित माल को अन्य शहरों में पहुंचाने का काम करते हैं, परन्तु यातायात के अभाव में यहां के लोगों को अपने कृि उत्पादित माल को बेचने में काफी दिक्कत होती है और वे लोग अन्य यातायात का प्रयोग करते हैं, अगर इस गनपुर गांव में एक रेलवे स्टेशन बना दिया जाये तो इस गांव के पच्चीस से तीस गांव के किसानों को फायदा तो होगा ही और रेलवे को राजस्व भी मिलेगा। इस गनपुर गांव में रेलवे सटेशन बनाने की मांग पच्चीस सालों से की जा रही है, परन्तु अभी तक इस मांग को पूरा नहीं किया गया।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि गनपुर गांव के पास एक रेलवे स्टेशन शीघ्र बनाये जाने की कृपा करें।